प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 30.08.2023

- **जनपद कानपुर देहात सर्विलांस टीम द्वारा आम जनमानस के 201 अदद गुमशुदा/खोये हुए मोबाइल (अनुमानित कीमत लगभग 42 लाख 18 हजार रूपये) को बरामद कर मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किये गये।**
- **रक्षाबन्धन के पर्व पर 82 बहनों को उपहार स्वरुप उनके गुमशुदा/खोये मोबाइल सुपुर्द कर लौटाई खुशियां।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक रेन्ज कानपुर श्री प्रशान्त कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में नागरिकों के गुमशुदा/खोये हुए मोबाइल फोन बरामद किये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सर्विलांस सेल टीम द्वारा देश के विभिन्न राज्यों व विभिन्न जनपदों व जनपद के थाना क्षेत्रों से मोबाइल फोन गुमशुदगी से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र जिन्हें सर्विलांस पर लगा कर बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया था। सर्विलांस सेल द्वारा अथक परिश्रम एवं मेहनत के फलस्वरुप पीडितों के गुमशुदा/खोये हुए कुल 201 अदद मोबाईल (अनुमानित कीमत लगभग 42,18,000/-रूपये) बरामद किये गये हैं। उक्त के सम्बन्ध में आज दिनांक 30.08.2023 को रक्षा बन्धन के पर्व पर पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद कानपुर देहात द्वारा बरामद किये गये मोबाइल उनके स्वामियों को सुपुर्द किये गये जिनमें 82 बहनें भी शामिल हैं। अपने-अपने मोबाईल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। उक्त सराहनीय कार्य के लिये आम जनमानस द्वारा जनपद कानपुर देहात पुलिस के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की जा रही है।

बरामद किये गये मोबाइल का विवरण –

1. कुल 201 अदद मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 42,18,000/-रूपये)

बरामद करने वाली सर्विलांस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 श्री भारत सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल
2. हे0का0 124 ध्यानेन्द्र सिंह
3. हे0का0 660 अजीत सिंह
4. का0 1059 मो0 अकरम
5. का0 896 कपिल कुमार
6. अनुचर रवि कुमार